पहल | दिसंबर में एकेटीयू कराएगा आयोजन, इस बार ईडीआईआई गुजरात भी होगा सहयोगी

# अच्छे नवाचार खोजेगी 'स्टार्टअप परिक्रमा'

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। युवाओं व आम लोगों के अच्छे नवाचारों को खोजकर उन्हें आगे बढ़ाने के लिए डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) दिसंबर में स्टार्टअप परिक्रमा 2.0 का आयोजन करेगा। इस बार इसमें एंटरप्रेन्योरशिप डवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई) गुजरात भी सहयोगी होगा।

प्रदेश सरकार के निर्देशन में एकेटीयू प्रदेश भर में युवाओं के नवाचारों को आगे बढ़ाने और उन्हें बेहतर मंच व निवेशक दिलाने में भी मदद कर रहा है। इसी के तहत हाल ही में विश्वविद्यालय की ओर से स्टार्टअप संवाद 2.0 का आयोजन किया गया था। इसमें प्रदेश भर के शुरुआती और विकसित हो चुके 55 नवाचारों का प्रदर्शन किया गया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए आर्थिक सहयोग भी किया गया।

कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने बताया कि स्टार्टअप परिक्रमा 2.0 से हम जिलों में जाकर लोगों के अच्छे नवाचारों को जानने-समझने का प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि हाल में हुए स्टार्टअप संवाद 2.0 में मिर्जापुर के किसान सुभाष चंद्र सिंह व कुछ अन्य के नवाचार ऐसे ही थे, जिनको थोड़ा आगे बढ़ाया जाए तो उसके बेहतर परिणाम मिलेंगे।

उन्होंने बताया कि जिलों के बाद इसका फाइनल लखनऊ में किया जाएगा। इसमें चयनित अच्छे नवाचारों को आगे बढ़ाने का जिम्मा एकेटीयू का इनोवेशन हब लेगा। उन्हें आर्थिक, तकनीकी सहयोग देने के साथ उनके प्रोडक्ट को बाजार तक पहुंचाने में सहयोग करेगा।

## पहली बार तकनीकी विश्वविद्यालयों के बीच होगी खेलकूद प्रतियोगिता

लखनऊ। एकेटीयू पहली बार प्रदेश के तकनीकी विश्वविद्यालयों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता कराने जा रहा है। इसमें एकेटीयू के साथ मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विवि गोरखपुर और हरकोर्ट बटलर प्रौद्योगिकी विवि कानपुर के छात्र भी हिस्सा लेंगे। डॉ. अब्दुल कलाम इंटर-टेक्निकल यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स फेस्ट 2023-24 का आयोजन जोनल स्तर पर तीन-चार नवंबर को व राज्यस्तर पर एक-दो दिसंबर को होगा। आगरा, बरेली, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, लखनऊ, मेरठ, गोरखपुर, प्रयागराज में जोनल सेंटर बनाया गया है। फेस्ट में एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, चेस, कबड्डी, खो-खो, टेबल टेनिस और वॉलीबाल प्रतियोगिताएं होंगी। (माई सिटी रिपोर्टर)